तापमान
अधिकतम 37.5 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]



उसलापुर स्टेशन के नो पार्किंग में खड़ी हो रही हैं गाड़ियां

## खबर संक्षेप

### टीआई नवरंग बने एसीसीयू प्रभारी

**बिलासपुर।** 11 मार्च को एसएसपी रजनेश सिंह ने सिंगल आदेश जारी करते हुए पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई तोप सिंह नवरंग को एसीसीयू प्रभारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व एसीसीयू टीआई अजहरउद्दी का मस्तूरी थाना तबादला हो गया था। उसके बाद सकरी थाना में पदस्थ एसआई हेमंत आदित्य को एसीसीयू प्रभारी बनाकर भेजा गया था। इसके पहले टीआई श्री नवरंग कोटा में दो बार व सरकण्डा में थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ रह चुके है।

### भाजपा कार्यालय का आज कांग्रेस करेगी घेराव

**बिलासपुर।** शहर व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 12 मार्च गुरुवार को भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहले दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड काम्पलेक्स के पास एकत्रित होंगे और वहां से नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय को घेराव करने जाएंगे। घेरावमें जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण अध्यक्ष द्वय सिद्धांशु मिश्रा एवं महेन्द्र गंगोत्री के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व महापौर, पार्षद, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं सहित विभिन्न संगठन मोर्चो के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### आंगनबाड़ी के रिक्त पदों पर भर्ती आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा द्वारा जारी सूचना के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर एवं वार्ड क्रमांक 10 भक्त कंवर राम वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 16 मार्च से 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को www.e-bharti.in वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया और जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध यूजर मैनुअल का भी उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में सूचना आयुक्त नगर पालिका निगम बिलासपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बिल्हा तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा कर दी गई है।

### सेवानिवृत्त मजदूर संघ का अधिवेशन 16 को

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ द्वारा 16 मार्च को वार्षिक आमसभा सह अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जयंत क्षेत्र के कल्याण मंडपम एनसीएल में सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य उद्घाटक अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष जगतनारायण सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि सीएमपीएफओ सिंगरौली के क्षेत्रीय आयुक्त नवीन निश्चल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह और संचालन ए के सिंह करेंगे। इस अधिवेशन में सेवानिवृत्त कामगारों के हितों के लिए 6 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी। जिनमें हैंग्रेच्युटी की सीमा को 20 व 25 लाख रुपए करना। सीएमपीएस 1998 के तहत हर 3 से 5 साल में पेंशन का पुनरीक्षण, पेंशन निर्धारण में एसडीए की गणना को पुनः बहाल करने सहित अन्य मांगे शामिल है। एनसीएल जोन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और महामंत्री प्रदीप कुमार पाण्डेय ने सदस्यों से शामिल होने का अनुरोध किया है।

# एयू में प्री-पीएचडी के लिए आवेदनों की बौछार, 493 सीटों पर 2 हजार 453 आवेदन

- आवेदनों की स्क्रूटनी पश्चात होगी प्री-पीएचडी एग्जाम
- यूनिवर्सिटी ने दो बार बढ़ाई थी आनलाइन आवेदन की तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी के लिए इस बार आवेदनों की बौछार हो गई है। पीएचडी की 493 सीटों के लिए 2 हजार 453 आवेदन आए हैं। इन आवेदनों की स्क्रूटनी चल रही है और उसके बाद प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित किया जाएगा। यूनिवर्सिटी द्वारा 20 विषयों में पीएचडी तीसरे बैच में प्रवेश दिया जाएगा।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी एग्जाम के लिए आनलाइन आवेदन मंगाया गया था, जिसकी दो बार तिथि भी बढ़ाई गई थी।



यूनिवर्सिटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद प्री-पीएचडी के लिए 2 हजार 453 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी स्क्रूटनी चल रही है। यूनिवर्सिटी ने पीएचडी की तीसरे बैच में प्रवेश देने के लिए प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित करने वाली है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने 30 जनवरी से प्री-पीएचडी फार्म भी आनलाइन भराना शुरू किया था और 16 फरवरी तक फार्म भरने की अंतिम तिथि थी, उसे बढ़ाकर दो बार आगे बढ़ाया गया था और 7 मार्च तक प्री-पीएचडी के लिए आवेदन जमा कराए गए थे। यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए 20 विषय हैं जिनमें कंप्यूटर साइंस, सुक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, गणित,वनस्पति शास्त्र, भौतिकी, जन्तु विज्ञान, वाणिज्य, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, शिक्षा, विधि, पुस्तकालय विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं। इनमें कुल 493 सीटों में से 207 डीईटी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा तथा डीईटी एक्जंप्ड श्रेणी की सीटों पर प्रवेश परीक्षा से छूट रहेगी।

### अब तक चल रही 2015 बेच वालों की पीएचडी

अटल यूनिवर्सिटी में वर्ष 2015 में पीएचडी की प्रक्रिया शुरू की थी और प्री-पीएचडी के लिए मैनुअल आवेदन जमा कराए गए थे। प्री-पीएचडी परीक्षा में लगभग 1 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से लगभग ढ़ाई सौ स्टूडेंट प्री-पीएचडी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। प्री-पीएचडी के परिणाम घोषित होने के बाद यूनिवर्सिटी ने पीएचडी में प्रवेश भी दे दिया था और कोर्सवर्क चालू होना था, तभी पीएचडी पहले बैच का प्रवेश मामला विवादों में पड़ गया। यूनिवर्सिटी के पीएचडी 2015 में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर शिकायत हुई थी, जिसमें पीएचडी प्रवेश में आरक्षण नियमों का उल्लंघन करने की बात कही गई थी। यह शिकायत एसटी-एससी आयोग से भी की गई थी, जिसके बाद आयोग ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसके बाद ये मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया और हाईकोर्ट एवं आयोग से मामला निपटने के बाद ही पीएचडी शुरू हो पाया था। इस पहले बेच वालों में से कुछ लोगों की पीएचडी अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है।

### 2023 में हुआ था प्री-पीएचडी एग्जाम

अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी के दूसरे बेच के लिए वर्ष 2023 में प्री-पीएचडी एग्जाम आयोजित किया गया था। उस समय 19 विषयों के लिए आवेदन आनलाइन मंगाए गए थे। अटल यूनिवर्सिटी में दोबारा पीएचडी शुरू होने से पीएचडी करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को राहत महसूस की थी, क्योंकि बीच में कुछ सालों तक यूनिवर्सिटी में पीएचडी में प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके चलते छात्र-छात्राओं को पीएचडी करने दूसरी यूनिवर्सिटी की ओर रूख करना पड़ा था।

## पेट्रोल-डीजल की स्थिति फिलहाल ठीक है लेकिन आशंका के बादल

# कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप, घरेलू गैस के लिए लंबी लाइन, 25 दिन बाद तो सिर्फ बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ईरान-इजराइल युद्ध के असर से जिले में 2 दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप है। इस वजह से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट इंडस्ट्रीज पर आया है। वहीं, जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है। जिन घरों में शादी है, वे कैसे होंगी? शहर में ही 20 दिन में 300 से अधिक शादिया हैं। इसके साथ ही घरेलू सिलेंडर की बुकिंग भी नहीं हो रही है। सभी कंपनियों की साइट पर 25 दिन बाद बुकिंग ली जा रही है। प्रशासन ने हालांकि बैठक लेकर स्थिति सामान्य होने का दावा किया है लेकिन लोगों में जमीनी हकीकत कुछ और है। हालांकि पेट्रोल-डीजल की स्थिति

### पुलिस पेट्रोल पंप और दूसरे पंपो में भीड़ रही, लोग टैंक फुल कराते दिखे

फिलहाल ठीक है लेकिन यही हालत रही तो अगले कुछ दिनों में उस पर संकट की स्थिति आ सकती है। पुलिस पेट्रोल पंप और दूसरे पंपो में भीड़ रही और लोग टैंक फुल कराते दिखे।

इधर होटल, रेस्टॉरेंट कारोबार और शादियों के अलावा सोना-चांदी आभूषण बनाने वाले कारीगरों और रेहड़ी पर भी संकट खड़ा हो गया है। सराफा एसोसिएशन का कहना है कि शहर में करीब 3 हजार कारीगर काम करते हैं। हर कारीगर को महीने में औसतन 3 सिलेंडर की जरूरत होती है। इस हिसाब से सराफा कारोबार में महीने भर में करीब 9 हजार सिलेंडर इस्तेमाल होते हैं, यानी रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है।



### 72 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

गैस की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए अब कालाबाजारी का धंधा जोरों से फलने फूलने लगा है। महामाय गैस चूल्हा विक्रेता एवं सुधारक नामक दुकान सीपत चौक सरजू पेट्रोल पंप के पास और इन्हीं के स्वामित्व के तीन मंजिला गर्ल्स हास्टल के एक कमरे से 75 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया है। इसमें 3 नग कमर्शियल 19. 2 केजी के आधा भरे हुए कुल 75 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उक्त सिलेंडर घने आवासीय क्षेत्र से बरामद हुए जिन्हें द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन किया जाना पाया गया। मौके से 75 नग सिलेंडर जब्त किया गया है। दुकान से 5 नग सिलेंडर रिफिल करने का उपकरण (बंशी) और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बरामद हुआ एवं जिसे जब्त किया गया।

### इधर कालाबाजारी की भी जमकर शिकायत

व्यवसायियों के मुताबिक गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इससे होटल संचालकों को परेशानी और बढ़ गई है। कई जगहों पर सिलेंडर ऊंचे दामों पर बेचे जाने की जानकारी मिली है। होटल संचालकों का कहना है कि गैस के विकल्प के तौर पर लकड़ी से खाना बनाना होटल और रेस्टोरेंट के अंदर संभव नहीं है। सुरक्षा और जगह की कमी के कारण यह तरीका अपनाना मुश्किल है। होटल कारोबारियों ने कहा है कि स्थिति सामान्य नहीं हुई तो व्यापार और रोजगार दोनों पर असर पड़ सकता है।




### घरेलू कनेक्शन की बुकिंग ही 25 दिन बाद

इधर प्रशासन ने कमर्शियल सिलिंडरों की आपूर्ति को सीमित करते हुए बुकिंग बंद कर दी है तो प्राथमिकता के आधार पर अब गैस की आपूर्ति केवल घरेलू उपभोक्ताओं, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में ही की जाएगी। हालांकि इसे लेकर भी शार्टेज की स्थिति है। गौरतलब है कि वर्तमान में जिले में कुल 4,95,817 गैस कनेक्शन हैं। इनमें आइओसीएल के 2,17,534, बीपीसीएल के 1,36,283 और एचपीसीएल के 1,42,000 उपभोक्ता शामिल हैं। इसमें भी अब केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को सिलिंडर प्रदान किया जाएगा जिनका केवाईसी पूर्ण हो चुका है। घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए अब उपभोक्ताओं को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। 25 दिन बात तो सिर्फ बुकिंग ली जा रही है। मोबाइल एप से बुकिंग बंद हो गई है। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि कई बार उपभोक्ता जरूरत से पहले ही सिलेंडर बुक कर लेते हैं जिससे सप्लाई सिस्टम पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया गया है।

### एक शादी का ही स्टॉक, बाकी क्या करेंगे

एक कैटरर्स ने बताया कि यह इमरजेंसी जैसी स्थिति है। गैस सिलेंडर अनिवार्य वस्तुओं की श्रेणी में है। सबसे ज्यादा शादियां प्रभावित होंगी। यदि 500 लोगों की शादी पार्टी हो तो 10 कमर्शियल सिलेंडर लगते हैं। एक शादी के लिए तो स्टॉक है, लेकिन अगली चार बुकिंग में खाना कैसे बनेगा? इसकी टेंशन है। ध्यान रहे कि बिलासपुर में 100 से अधिक कैटरर्स हैं। इन सबके सामने यही संकट है। इधर टेंट एसोसिएशन का कहना है कि शादी पार्टी की बुकिंग कई महीने पहले से हो गई है। कमर्शियल सिलेंडर के रेट 2 महीने से बढ़ रहे हैं। पहले ही महंगाई से जूझ रहे हैं। अब सप्लाई का संकट खड़ा हो गया है।

### स्थिति नियंत्रण में

जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलबध्ता है इसलिए घबराने या अनावश्यक भंडारण की जरूरत नहीं है। गैस वितरकों की बैठक लेकर साफ निर्देश दिया गया है कि मांग के हिसाब से नियमित तौर पर सिलेंडर की सप्लाई की जाए। जिला प्रशासन की नजर हर स्थिति पर है। कहीं से भी कालाबाजारी की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। फिलहाल सिलेंडर की बुकिंग अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन की गई है।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### 200 होटल- रेस्टॉरेट बंद होने की कगार पर

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सन्नी आजमानी के मुताबिक कारोबार बंद होने की स्थिति में है। उन्होंने बताया कि उनके होटल में रोजाना दो सिलेंडर की खपत है। इसके अलावा जहां शादियां होती हैं और रेस्टोरेंट भी है वहां खपत बढ़ जाती है। जिले में 200 के करीब होटल और रेस्टोरेंट और सभी में स्थिति खराब है। गैस एजेसिंयों ने सप्लाई से हाथ खड़े कर दिए हैं। यही हालत रही तो एक दो दिन में कारोबार बंद करना पड़ सकता है। सप्लायर ने भी कह दिया है कि बाहर से ही स प्लाई नहीं है तो क्या करें। श्री आजमानी ने कहा कि कोयला या लकड़ी हम जला नहीं सकते। एक विकल्प इलेक्ट्रिक भी है, लेकिन आज तक इसकी जरूरत नहीं पड़ी। इसलिए होटल या रेस्टॉरेंट में यह व्यवस्था नहीं है। अचानक कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप करना परेशानी बढ़ाने वाला है।

# 3 एसआई,10 एएसआई सहित 130 पुलिसकर्मियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के थानो में लंबे समय से जमे 3 एसआई, 10 एएसआई सहित 130 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल नवीन पदस्थापना में रवानगी देने का आदेश दिया गया है। जिसे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

- तत्काल रवानगी देने का आदेश
- पुलिस विभाग में हड़कंप

एसएसपी रजनेश सिंह ने पूर्व में थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारी / कर्मचारियों की तैनाती मांगी गई थी। उसके बाद से विभाग में तबादला को लेकर हलचल मची हुई थी। आखिरकार एसएसपी श्री सिंह ने 11 मार्च को 3 एसआई, 10 एएसआई सहित 130 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें एसआई सीता साहू का कोतवाली से पुलिस लाइन, जयमंगल प्रसाद निषाद का सरकण्डा से सिटी कोतवाली, बसंत कुमार साहू का सिटी कोतवाली से सरकण्डा, एएसआई संतोष पात्रे का कोनी से रतनपुर, ओमप्रकाश परिहार का रतनपुर से निरस्त कर पुलिस लाइन, प्रदीप यादव का सरकण्डा से कोनी, देवेन्द्र तिवारी का सरकण्डा से तोरवा, भरतलाल राठौर का तोरवा से सरकण्डा, विदेशीराम साहू का तोरवा से सरकण्डा, राजेशधर दीवान का सिविल लाइन से कोनी, अशोक चौरसिया का कोनी से सिविल लाइन, धनेस साहू का पुलिस लाइन से यातायात, मनोज यादव का यातायात से पुलिस लाइन इसी तरह 117 प्रधान आरक्षक व आरक्षक का तबादला किया गया है।

### एसीसीयू को आंच नहीं

जंबो लिस्ट में एसीसीयू से आरक्षक तदबीर पोर्ते का पुलिस लाइन व सरकण्डा थाना से आरक्षक रमेश कुमार यादव का एसीसीयू कार्यालय में तबादला किया है। मार्च 2022 में एसीसीयू का गठन किया गया था। उस दौरान के कुछ पुलिसकर्मी अब भी शान से पदस्थ है उनको आंच तक नहीं आई। शिकायत पर पुलिसकर्मियों के हटने से टीम में संख्या बहुत कम हो गई है।

अशोक नगर चौक स्थित कॉफी हाउस के बाहर हुआ विवाद

# अधिवक्ता से मारपीट एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेंज में आईजी रहे और वर्तमान में पुलिस विभाग के डीजी पवन देव के एडवोकेट बेटे तेजस्व देव के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र के अशोक नगर चौक स्थित कॉफी हाउस के बाहर की बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। सरकंडा पुलिस के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता तेजस्व देव बुधवार को अशोक नगर चौक स्थित कॉफी हाउस से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान सागर जायसवाल वहां कार लेकर पहुंचा और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने लगा। तेजस्व देव ने उसे संभलकर गाड़ी चलाने की समझाइश दी। इस बात पर सागर जायसवाल भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगा। घटना के बाद पीड़ित ने सरकंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल आरोपी फरार है।

### रेलवे बॉक्सिंग रिंग में शराब पार्टी का मामला

# 12 कोच को दी गई चार्जशीट वेतन में भी कटौती की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे के बॉक्सिंग रिंग में शराब और नॉनवेज पार्टी मामले की जांच पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट में स्पोटर्स सेल सचिव समेत 12 कोच व खेल प्रभारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। यही कारण है कि दो रेलकर्मियों के खिलाफ मेजर पेनल्टी चार्जशीट और 10 के खिलाफ माइनर चार्जशीट (आरोप पत्र) जारी करने की अनुशंसा के साथ कार्रवाई की गई है। रेलवे ने इस मामले में हाईकोर्ट में जवाब पेश कर दिया है। इसमें वेतनमान की कटौती के साथ दूसरी सजा दी गई है। कोर्ट ने जवाब से संतुष्ट होकर याचिका निराकृत कर दी है।

- रेलवे के जवाब से संतुष्ट होकर हाईकोर्ट ने याचिका निराकृत की

ध्यान रहे कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का बॉक्सिंग रिंग जहां खिलाड़ी अभ्यास करते हैं, वहां शराब पार्टी का वीडियो वायरल होने पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। जांच में 12 खेल प्रभारी और कोच के शामिल होने की पुष्टि हुई। इसमें दो के खिलाफ मेजर चार्जशीट दी गई। इसमें श्रीकांत पाढ़ी (सचिव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्पोट्र्स सेल) और वाय नागू राव, टेक्निशयन-1 के खिलाफ मेजर चार्जशीट जारी की गई। इसी तरह सुभाष कुमार, टीसी, बी अनिल कुमार, एसडब्ल्यूआई, सुमित कुमार, टीसी, पी तुलसी राव, एसडब्ल्यूआई, विकास ठाकुर, एमटीएस, पुरेंद्र साहू, क्लर्क कम टाइपिस्ट, ओपी यादव, ओएस, पी ईश्वर राव, सीनियर जीटीएम,देवेंद्र यादव, एमटीएस, पीके तिवारी, सीएच, ओएस को माइनर चार्जशीट दी गई। मामले में संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने इसे घोर कदाचार मानते हुए कहा कि ट्रेनिंग स्थल को शराब पार्टी की जगह बनाना अनुशासन और सार्वजनिक मर्यादा का खुला उल्लंघन है। इससे खेल स्थलों की पवित्रता को नुकसान पहुंचता है।

## करोड़ों की लागत से स्थापित की गई है मशीन

# 6 माह से सीटी स्कैन शुरू नहीं कर सका जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में पिछले 6 माह से सीटी स्कैन मशीन स्थापित है, लेकिन लोगों को सुविधा नहीं मिल रही है। दरअसल सीजीएमएससी द्वारा लगाई गई सीटी स्कैन मशीन में तकनीकी खामियों के चलते शुरू ही नहीं की जा सकी है। जिस कंपनी को इसे साल भर चलाने का ठेका मिला है उसके पास इसे आपरेट करने के लिए कर्मचारी तक नहीं हैं। ऐसे में करोड़ों की मशीन धूल खा रही है।

सीजीएमएससी द्वारा जिला अस्पताल में लगाए गए सीटी स्कैन मशीन 6 माह से धूल खा रही है। प्रबंधन की लापरवाही और सीजीएमएससी की निष्क्रियता के चलते मरीजों को सुविधा नहीं मिल सकी है। रोजाना दो दर्जन से ज्यादा एक्सीडेंटल केस जिला अस्पताल में पहुंचते हैं, लेकिन डाक्टर होने के बावजूद उन्हें भर्ती तक नहीं किया जाता है। इस दौरान उन्हें सीधे सिम्स रिफर कर दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार सीटी स्कैन लगाने के लिए अब तक लाखों रूपए खर्च कर निर्माण कार्य कराया गया है। वहीं 3 करोड़ की लागत से मशीन भी खरीदी गई है, लेकिन मरीजों को सीटी स्कैन के लिए निजी डाग्नोसिस सेंटर भेज दिया गया जाता है, जहां मरीजों को हजारों रूपए देने पड़ रहे हैं। जहां एक ओर मरीजों को आर्थिक क्षति हो रही है, वहीं सरकार के करोड़ों खर्च करने के बाद भी आम लोगों को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।




### निजी सेंटरों में 5 से 8 हजार रूपए खर्च

निजी रेडियोडाग्नोस्टिक सेंटरों में सीटी स्कैन जांच के लिए मरीजों से 5 से 8 हजार रूपए तक वसूल किए जाते हैं, जबकि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से शासकीय अस्पतालों में इसकी फीस महज 1 से \2 हजार रूपए ही होती है। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में सिटी स्कैन की सुविधा दी है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

### तकनीकी टीम ही नहीं

सीजीएमएससी ने बिलासपुर सहित कई जिलों में सीटी स्कैन लगाने का ठेका एजेंसी को लगाया गया है लेकिन ठेके की शर्तों का खुला उल्लघंन किया जा रहा है। मशीन की स्थापना, रूम व सेंटर निर्माण, कर्मचारी की व्यवस्था व एक वर्ष तक सफलतापूर्वक सुविधा देने के लिए एजेंसी को अनुबंधित किया गया है लेकिन बिलासपुर में मशीन लगाने के बाद उसे शुरू करना कंपनी भूल चुकी है। सूत्रों के अनुसार इसे शुरू करने के लिए प्रशिक्षित तकनीकी टीम एजेंसी के पास मौजूद ही नही है, जिसके चलते आज तक मशीन शुरू नहीं हो सकी है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस में पंचायत वार्ड व बूथ अध्यक्षों की होगी नियुक्तियां




**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के उपरांत संगठनात्मक पूर्णता एवं संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बिलासपुर जिला ग्रामीण के प्रभारी के रूप में शैलेश नितिन त्रिवेदी को प्रभारी बनाया गया है। इसी संबंध में बुधवार को कांग्रेस भवन में शैलेश नितिन त्रिवेदी ने ग्रामीण जिला कांग्रेस की बैठक ली। जिला प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि पंचायत वार्ड एवं बूथ अध्यक्षों की नियुक्तियां एवं बीएलए की भी नियुक्ति वरिष्ठ कांग्रेसजनों के मार्गदर्शन में की जाएगी। नियुक्तियों में ये सुनिश्चित किया जाएगा कि कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने और एक मजबूत कैडर की नींव रखने में सहायक रहेंगे। बैठक में ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि जल्द ही ब्लॉक लेवल पर ब्लॉक प्रभारियों मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा पंचायत अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी जो कांग्रेस की विचारधारा को जमीनी स्तर पर सक्षम बनाने में सहायक होगा। सभी ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि मंडल स्तर पर प्रभारियों को नियुक्ति जल्द से जल्द करें। बूथ कमेटी का गठन विशेष रूप से बूथ स्तर की बैठक लेकर एवं सभी की उपस्तिथि में सर्वसम्मति से किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से शैलेश नितिन त्रिवेदी, महेंद्र गंगोत्री, शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा, सियाराम कौशिक, रामशरण यादव, विजय केशरवानी, राजेंद्र शुक्ला, अर्जुन तिवारी, राकेश शर्मा, आशीष सिंह, पंकज सिंह, अभयनारायण राय, संतोष दुबे, भुनेश्वर यादव, सीमा पांडे, सीमा द्वितेश, पिंकी बत्रा, शिल्पी तिवारी, शिवबालक कौशिक, प्रीति पटनवार, अरुण त्रिवेदी, राजेंद्र धीवर, सुभाष अग्रवाल, अश्वनी उद्देश्य, गीतांजलि कौशिक, अमित साहू, शैलेंद्र निर्मलकर, धनंजय सिंह आदित्य दीक्षित, राजेंद्र डब्बू साहू, सुरेश सिंह, मुन्ना श्रीवास, मनोज खरे, ब्रह्मदेव सिंह, मोहम्मद शाहनवाज, राकेश यादव, अमित यादव, शीतल दास मानिकपुरी, दिलीप पाटिल आदि बैठक में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, ग्रामीण ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहें।

### संत बाबा गेलाराम साहब का जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन व सत्संग आज



**बिलासपुर।** ब्रम्हस्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब का जन्मोत्सव गुरुवार 12 मार्च को संत बाबा हरदासराम सेवामंडल, श्री गोदड़ीवाला धाम सिंधी कालोनी बिलासपुर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी का आगमन होगा। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भाई कुंदन डोडवानी का भजन-कीर्तन सत्संग का कार्यक्रम होगा। उसके पश्चात सेवामंडल के द्वारा सारी संगत के लिए भंडारा साहब की व्यवस्था की गई है। सारी संगत से कार्यक्रम में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित शामिल होकर सत्संग कीर्तन का आनंद लेकर एवं बाबा सांई का आशीर्वाद लेने का अनुरोध किया गया है।

### शहर की प्रियंका को भोपाल में मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया



**बिलासपुर।** ज्ञानदान होनारी डाक्टेट ए- अवार्ड फाउंडेशन द्वारा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बिलासपुर की प्रियंका मोदी को कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। उनकी कड़ी मेहनत प्रतिभा और समर्पण द्वारा विगत 17 वर्षों से किया जा रहा। उनके इस कार्यों के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से नवाजा गया। वे विगत कई वर्षों से विद्यानगर स्थित अपने संस्थान कृतित्व इंस्टिट्यूट (प्रियंका' एस स्कूल ऑफ़ आर्ट) में एक बच्चे को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। साथ ही साथ अनेकों बच्चों को निशुल्क मंत्रोच्चार सिखाती हैं। हर वर्ष 5 से 6 ऐसे सेमिनार और छोटे कैंप लगाए जाते हैं जिसमें बच्चों को निशुल्क कला के क्षेत्र में हुनर सिखाया जाता है। इस उपलब्धि में उनके माता-पिता एवं भाई बहन का विशेष सहयोग रहा।

**खिलाड़ियों का इंतजार खत्म** | सितंबर 2024 में शुरू हुआ था काम, अब जाकर पूरा हुआ

# डेढ़ साल से बंद रघुराज स्टेडियम, अब 15 मार्च से खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को साल भर से बंद करते हुए मरम्मत का काम किया जा रहा है और खिलाड़ी इंतजार में है। अब यह इंतजार खत्म होने वाला है और 15 मार्च से स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। हालांकि इसमें काफी देरी हुई है। सितंबर 2024 में जब इसकी मरम्मत शुरू की गई थी तो 3 महीने में काम पूरा करने कहा गया था। इसके बाद फिर समय बढ़ाते हुए नवरी 2025 में काम पूरा और खिलाड़ियों के लिए इसे उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन उसके बाद से 9 महीने और बीत गए हैं और काम अधूरा पड़ा था। अब कहा जा रहा है कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और 15 मार्च से स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के कायाकल्प और अधोसंरचना विकास पर 60 लाख रुपए और खर्च होंगे। इसमें पेन्टिंग कार्य भी शामिल हैं। इसके साथ ही रघुराज स्टेडियम के पाप अप मैदान रिपेयर, पेवेलियन निर्माण, पिच निर्माण हेतु सक्षम रोलर खरीदी में यह राशि खर्च की जा रही है। इसके साथ ही स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानक का खेल मैदान बनाने के साथ जिम का नवीनीकरण, एलईडी स्क्रीन और साउंड बाक्स, न्यू बैडमिंटन कोर्ट, स्टेडियम के नाली की पर्याप्त साफ सफाई, दर्शक दीर्घा का निर्माण किया गया है।



**बड़ी हुई दोनों साइड की बाउंड्री:** अधिकारियों के मुताबिक मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। इससे अब मशीन के माध्यम से पानी ग्राउंड में डाला जा सकेगा और इसके लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट के बगल में शेड भी बनाया जा रहा है। मैदान में मिट्टी कछार से लाकर डाली जा रही है। इसके साथ ही मैदान को बड़ा किया जा रहा है। सामने और पीछे की बाउंड्री 65-65 मीटर की तो आन और आफ की बांउड्री 60-60 मीटर की है। उसके बाद भी स्टेडिमय में जगह बचेगी जहां दर्शक दींघा रहेगी।

#### स्टेडियम में इसे सुधारा गया

- मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बेतरतीब खड़े वाहन अब नहीं रहेंगे
- जिम में उपकरणों की व्यवस्था करते हुए मरम्मत कराया गया है
- स्टेडियम की छत जो कई जगह से जर्जर थी उसे सुधारा गया
- मैदान में पर्याप्त घास और मिट्टी डालते हुए उसे समतल किया गया है
- खिलाड़ियों के रुकने व मेडिकल की सुविधा बेहतर की गई है

#### रणजी मैचों का है गवाह है स्टेडियम

गौरतलब है कि रघुराज सिंह क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना को लगभग 50 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। स्टेडियम ने 1978, 1979 और 1981 में विदर्भ क्रिकेट टीम के खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और रेलवे क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन रणजी मैचों की मेजबानी भी कर चुका है। इसके अलावा यहां कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। टी-20 से लेकर कई आयोजन हुए। हालांकि विगत पांच वर्षों में कोई प्रतियोगिता या ट्राफी नहीं हुई है। नवंबर 1978 में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पहली बार बिलासपुर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन को रणजी ट्राफी मैच कराने की जिम्मेदारी दी थी। उस समय संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल थे। उस वर्ष मध्यप्रदेश व विदर्भ की रणजी टीम के बीच मैच हुआ। इसके बाद 1980 में एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक राव बने। इस बार भी मैच मध्यप्रदेश और रेलवे की टीम के बीच खेला गया। तीनों ही मैच में मध्यप्रदेश विजेता रही है।

#### मैदान में मिट्टी डाली जा रही है

सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और 15 मार्च से स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। इससे अब मशीन के माध्यम से पानी ग्राउंड में डाला जा सकेगा और इसके लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट के बगल में शेड भी बनाया जा रहा है। मैदान में मिट्टी कछार से लाकर डाली जा रही है।

- अनुपम तिवारी, नोडल अधिकारी

एच एवं आई टाइप आवासीय मकान बनाए गए

## चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया हाईकोर्ट कर्मचारियों के आवास का लोकार्पण

**बिलासपुर।** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने उच्च न्यायालय न्यायिक कर्मचारी आवासीय परिसर, सेक्टर-3, रहंगी रोड बिलासपुर में कर्मचारियों के लिए नव-निर्मित H एवं I-टाइप आवासीय मकानों का लोकार्पण बुधवार को किया। इसमें H-टाईप की 32 एवं I-टाईप की 80 मकानों के साथ कुल 112 आवासगृह हैं। चीफ जस्टिस ने आबंटित आवास की चाबी संबंधित कर्मचारियों को सौंपी।

इस इस अवसर पर माननीय जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास, जस्टिस नरेश कुमार चन्द्रवंशी, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय, जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस बिभू दत्ता गुरु एवं जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की उपस्थिति रही। इस अवसर पर चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने कहा कि यह आवास कर्मचारियों की लगन और परिश्रम का परिणाम है। यदि व्यक्ति निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करता है, तो उसे अवश्य ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सभी कर्मचारी अपने माता-पिता का सम्मान करते हुए अपने परिवार के साथ इन आवासों में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के साथ जीवन यापन करेंगे।



**पार्किंग के साथ ही लिफ्ट भी:** आवासगृह में भू-तल पर पार्किंग की सुविधा के साथ-साथ बेडरूम, किचन, मल्टीपरपस रूम, यूटिलिटी एवं प्रसाधन कक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा, सभी भवनों में लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार जनरल एवं रजिस्ट्री के अधिकारी, छत्तीसगढ़ न्यायिक एकेडमी एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीईसी फर्टिलाईजर्स के कर्मचारियों ने ली सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की शपथ

**बिलासपुर।** बीईसी फर्टिलाईजर्स में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह 10 मार्च को आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। झंडारोहण के साथ सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत हुई और समस्त कर्मचारियों ने सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रतिज्ञा ली।




सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्लोगन, क्वीज एवं सुरक्षा नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुरक्षा सप्ताह का समापन उप संचालक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा) विजय कुमार सोनी मुख्य अतिथि एवं सहायक संचालक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा) अश्वनी कुमार पटेल के आतिथ्य में संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि ने श्री सोनी ने कहा कि जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके समुचित कम्युनिकेशन एवं कोआर्डिनेशन के माध्यम से कारखाना परिसर में कभी भी किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं होगी और सुरक्षा की व्यवस्था में मजबूती प्रदान करेगी।

पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों से शपथ लिए और कहा कि दुर्घटनाओं को टालने के लिए सुरक्षा के प्रत्ति जागरूकता रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ कार्यक्रम में भाग लेने से नहीं वरन अपने मस्तिष्क में हमे भी सुरक्षा संबंधी ख्याल रहना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो। बीईसी फर्टिलाईजर्स बिलासपुर के वाइस प्रेसीडेंट एन एस राजू ने कहा कि हमे सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए व कोई भी कार्य शुरू करने से पहले सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संतोष सालूके एवं आभार प्रदर्शन दिलीप गोवर्धन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नितिन जेम्स, गणेश यादव आदि का सहयोग रहा।

## 1654 करोड़ में किया जाएगा 614 किमी कवच का काम

**बिलासपुर।** एसईसीआर के झारसुगुड़ा से नागपुर के बीच तीसरी व चौथी लाइन के अलावा आटो सिग्नलिंग के साथ अब 1654 करोड़ रुपए की लागत से 614 रूट किलोमीटर पर कवच का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिससे ट्रेन दुर्घटनाओं और ओवरशूट में कमी आने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए बड़े पैमाने पर कवच कार्य स्वीकृत किए हैं, जिसमें स्टेशन कवच, लोको कवच, टॉवर ओएफसी नेटवर्क तथा अन्य संबंधित अवसंरचना शामिल हैं। करीब 1654 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में नागपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन पर 614 रूट किलोमीटर में कवच का कार्य प्रगति पर है। आगामी वित्तीय वर्ष में नागपुर से गोंदिया सेक्शन पर 135 रूट किलोमीटर में कवच रोल आउट का लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही कई शाखा लाइन पर भी कवच स्थापना का कार्य शुरु कर दिया गया है। कवच का कार्य करने का मुख्य उद्देश्य है कि बिलासपुर सहित रायपुर और नागपुर में प्रतिदिन रेल दुर्घटना के कारण करोड़ों रुपए का नुकसान रेल प्रशासन को उठाना पड़ रहा है। रेल कवच एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा एटीपी प्रणाली है, जिसे ट्रेन हादसों को रोकने के लिए विकसित किया जा रहा है। यह तकनीक लोको पायलट के सिग्नल मिस करने या ओवरस्पीडिंग करने पर स्वचालित रूप से ब्रेक लगाती है और एक ही ट्रैक पर आमने-सामने से आ रही ट्रेनों को टक्कर से बचाती है। इन सभी कार्यो के लिए बिलासपुर में बहुविभागीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कवच प्रयोगशाला बनाया गया है। यह प्रयोगशाला स्वदेशी आटोमैटक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली कवच के प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने तथा कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों में संरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं की समझ विकसित करने हेतु स्थापित की गई है।

मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में सदस्यों ने दिए सुझाव

## विशाखापट्टनम-रायपुर का बिलासपुर तक करें विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक के दौरान मेम्बरों ने अपने-अपने क्षेत्र के स्टेशन व यात्री संबंधों के संबंध में रेल अफसरों से चर्चा की। इस दौरान विशाखापट्टनम से रायपुर तक चलने वाली एक्सप्रेस को बिलासपुर तक विस्तार करने का भी मुद्दा मेम्बरों ने उठाया, जिसे अधिकारियों ने रेलवे बोर्ड भेजने का आश्वासन दिया है।

- सुपर फास्ट ट्रेनों का फेरा बढ़ाने यात्री सुविधा पर दिए जोर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के मंडल सभाकक्ष में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक रखी गई, जिसकी अध्यक्षता डीआरएम राकेश रंजन ने की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, विभिन्न विकासात्मक कार्य, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल सेवाओं के डिजिटलकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, खानपान सेवाओं व यात्री सुविधाओं कें विस्तार से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किए। अध्यक्षता कर रहे मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने समिति के सदस्यों से कहा कि मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति यात्रियों की अपेक्षाओं, सुझावों और आवश्यकताओं को रेल प्रशासन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण मंच हैं। समिति की ओर से दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव पर प्राथमिकता के साथ कार्य करने का प्रयास होगा, जिससे रेल की सेवाएं और अधिक सुदृढ़ एवं जन हितैषी बन सके। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन के श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के अलावा समिति के सदस्य बिलासपुर के अखिलेश सोंथालिया, जी रविकुमार, कोरबा के अखिल अग्रवाल, उमरिया से अनुज सेन, शहडोल के राकेश गुप्ता, उमरिया के जितेन्द्र कुमार गुप्ता, रायगढ़ से प्रांजल संजय तामस्कर, बेलपहाड़ से विकास कुमार अग्रवाल व अन्य मेम्बर शामिल हुए। बिलासपुर से बैठक में शामिल हुए रविकुमार ने कोरबा से यशवंतपुर के बीच दो दिन चलने वाली एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने, सिकंदराबाद से रायपुर के बीच तीन दिन तक चलने वाली एक्सप्रेस को बिलासपुर तक विस्तार करने, कोरबा से रायपुर के बीच चल रही हसदेव एक्सप्रेस को डोंगरगढ़ तक विस्तार करने, एक दिन चलने वाली दुर्ग-अयोध्या एक्सप्रेस को प्रतिदिन करने, बिलासपुर-पुणे सुपरफास्ट के फेरे बढ़ाने सहित अन्य मांगों को डीआरएम और अन्य अधिकारियों के सामने रखा।

।। ॐ शांति ।।
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।
।। पगड़ी रस्म ।।




अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे आदरणीय
श्री बृजमोहन लाल शर्मा जी
का गोलोकधाम गमन : शनिवार, 28 फरवरी 2026 को हो गया है ।
जिनकी आत्मिक शांति हेतु निम्न कार्यक्रम रखा गया है।
पगड़ी रस्म गुरूवार, 12 मार्च 2026
समय : सायं 04 :00 बजे
स्थान : हमारा निवास स्थान
'कैलाश मिल एण्ड हार्डवेयर स्टोर्स'
दयालबंद, बिलासपुर में सम्पन्न होगी।
-: शोकाकुल
पुत्र : कैलाश, विकास, आकाश, आदर्श
भाई : ओमप्रकाश, नरेश, नंदकिशोर
पौत्र : प्रखर, ऋषभ, दर्शन
व्यवसायिक प्रतिष्ठान
गायत्री इंटरप्राइजेस, गांधी चौक, बिलासपुर, मो. 9827499311
कैलाश मिल एंड हार्डवेयर स्टोर्स, दयालबंद, बिलासपुर (छ.ग.), मो 9907990006
लक्ष्मी मिल स्टोर्स, दयालबंद, बिलासपुर, मो 9039246608

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# शीतलाष्टमी पर माता का पूजन व आरती, फाग उत्सव का समापन



## आज शुरू होगा कीर्तन

गुरूवार से 16 प्रहर हरिनाम कीर्तन सुबह 6 बजे शुरू होगा, जो 14 मार्च के सुबह 6 बजे तक चलेगा। पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा से कलाकार पहुंचकर कीर्तन करेंगे। अंतिम दिन भी पूरे दिन सुबह शोभायात्रा निकलेगी। इसके बाद कीर्तन का समापन होगा, मां को विदाई दी जाएगी।



**बिलासपुर।** शीतला अष्टमी पर बुधवार को शहर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई,शंकरनगर शीतला समिति द्वारा 76वें वर्ष पर मां शीतला की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। सुबह 8:30 बजे से अष्टमी पूजा प्रारंभ हुई जो दोपहर 1 बजे तक चली। पूष्पांजलि व गीतापाठ किया गया इसके पश्चात भोग वितरण किया गया। संध्या रात्रि 7 बजे माता की भव्य आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। शीतला अष्टमी पर शहर के कई स्थानों पर मां शीतला की पूजा-अर्चना की गई। इसी तरह जेल रोड, विनोबा नगर, सरकंडा, सिम्स परिसर स्थित श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। आयोजक दिलीप जाना ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन विगत कई वर्षो से किया जा रहा है, नवमी पूजा गुरूवार को की जाएगी जिसमें पूजन व चंडीपाठ और आरती की जाएगी। इसके पश्चात दशमी पूजन कर समापन किया जाएगा।



### दही का लगाया गया भोग

शीतला मंदिर सिम्स परिसर में शीतला अष्टमी श्रद्धा के साथ मनाई गई। पुजारी गोपाल कृष्ण रामानुज ने बताया कि माता की विशेष पूजा, श्रृंगार कर दही का भोग लगाया गया। दर्शन, पूजन करने भक्तों का दिन भी तांता लगा रहा। अग्रवाल समाज के लोगों ने बासी मीठा व नमकीन गुलगुला सहित अन्य चीजें माता को अर्पित की।



### कन्याओं की पूजा कर चढ़ाई गई अठवाई

डीआईजी तिराहा लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर में पुजारी पं. मनीष पाण्डेय के सानिध्य में शीतला अष्टमी पर माता शीतला की विशेष पूजा कर श्रृंगार किया गया। अठवाई चढ़ाई गई। पुजारी पं. पाण्डेय ने बताया कि पंचमी के दिन से ही श्रद्धालु भक्तों का मंदिर आना शुरू हो गया था और यह क्रम अष्टमी के रात तक चलते रहता है। अष्टमी पर बुधवार को भोर के 4 बजे से ही लोग मंदिर पहुंचने लगे थे और रात के 12 बजे तक आते रहे। कलेक्टर संजय निकिता अग्रवाल ने अष्टमी के एक दिन पहले मंदिर पहुंच कर माता शीतला की पूजा-अर्चना की। मारवाड़ी समाज के अन्य लोगों ने मंदिर आकर बासी भोजन, चीला, मालपुआ चढ़ा कर सुख-शांति की कामना की।

## कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के फागोत्सव का समापन



बसंत पंचमी से 45 दिन चलने वाली बैसवारी फाग की परम्परा का शीतलाष्टमी में समापन हुआ। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज इस परम्परा का 100 वर्ष से ऊपर से मना रहा है, इसमें आज फाग गायन के साथ साथ होलिका दहन भी हरदेव लाल मंदिर में हुआ । शीतलाष्टमी में फाग का आयोजन एवं होलिका दहन का श्रेय अशोक दीक्षित मसानगंज के परिवार को जाता है । समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया कि बलभद्र प्रसाद दीक्षित उनके पुत्र केदारनाथ एवं बद्रीप्रसाद दीक्षित के बाद अशोक दीक्षित एवं उनके पुत्र विनय, विवेक,विकास एवं दीपक दीक्षित भी इस परम्परा का निर्वाह समाज लोगो से साथ कर रहे है। शिवा मिश्रा इस मौके पर चन्द्र प्रकाश वाजपेयी, मनोज तिवारी, जगदीश त्रिवेदी, प्रभात मिश्रा, स्वप्निल शुक्ला, राजन दीक्षित, रितेश शुक्ला, अनुराग पान्डेय,अर्पित तिवारी, प्रशान्त तिवारी, आशीष शुक्ला, अनिल दीक्षित, विमलेश बाजपेयी, दिव्य प्रकाश सहित ब्राम्हण समाज के सदस्यों का सहयोग रहा।

## ऑफिसर्स क्लब की महिलाओं ने एकता का दिया संदेश



ऑफिसर्स क्लब की महिलाओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने एकत्र होकर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सहभागिता और आपसी संवाद को बढ़ावा देने पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ऊषा जैन, निक्की अग्रवाल, रजनी खांडेकर, अलका तिवारी, हरजीत राजपाल, भारती दीक्षित, ऊषा भांगे सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का माहौल पूरे समय उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में क्लब की महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। रंगो और उमंग से भरे इस आयोजन में सभी ने आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## क्षत्रिय वीरांगना संगठन ने मनाया महिला दिवस व होली मिलन

अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना संगठन द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष संध्या सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री माया सिंह, जिलाध्यक्ष वर्षा सिंह राणा एवं जिला उपाध्यक्ष गीता सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ हुई। होली के गीत-संगीत से सजी महफिल में मंच संचालन सरोज सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और वात्सल्य का अद्भुत संदेश दिया। सफल बनाने में शशि सिंह, दिव्या, अर्चना, अनुपमा, ज्योति, चंदा, रजनी, लिली, आरती, प्रियंका, प्रगति, राखी, पिंकी, रिंकी, संयुक्ता, सीमा, अलका, कल्पना, राखी शिवानी सिंह सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा।



## स्वदेशी जागरण मंच का होली उत्सव



स्वदेशी जागरण मंच द्वारा होली मिलन का आयोजन डॉ सुशील श्रीवास्तव संभागीय संयोजक के निवास पर हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर, ढोल, मंजीरे की ताल पर फाग गीत गाकर होली मिलन मनाया।

## महिला एवं युवा यादव समाज का होली मिलन



महिला एवं युवा यादव समाज बिलासपुर द्वारा होली पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई । समारोह में ग्राम पंचायत सिलपहरी के सरपंच टीकाराम यादव एवं भूत पूर्व टीआई धन्नू यादव भरत यादव भी उपस्थित रहे।

## महिलाएं आगे आकर निभाएं नेतृत्व की भूमिका



स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के तत्वावधान में एक निजी होटल में बुधवार को एक भव्य कार्यक्रम रखा गया। इसमें अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर सीएचएमओ सुधा गढ़ेवाल, सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रद्धा संजय दुबे, रितु शैलेष पांडेय, स्मृति तिलक श्रीवास, आशा अग्रवाल, योगिता आनंद श्रीवास, डॉ रश्मि शर्मा थीं। अतिथि श्रद्धा दुबे ने कहा कि महिलाओं ने समाज में लंबा सफर तय किया है। फाउंडेशन की अध्यक्ष चंचल सलूजा ने कहा कि संस्था महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और महिलाओं की सहायता के लिए संस्था सदैव तत्पर रहेगी। मंच संचालन अभिलाषा झा एवं धन्यवाद ज्ञापन रीतु साहू ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ पत्रकार तारणी शुक्ला, अंकिता शुक्ला अजीता पांडेय, ममता मिश्रा, प्रतिज्ञा सिंह, निहारिका त्रिपाठी, प्रतिज्ञा सिंह, वर्षा भास्कर, अरुणिमा मिश्रा, मीना सलूजा, मोनिका लांबा, हर्ष शर्मा, डॉ प्रकृति वर्मा, दीप्ति प्रवेश तिवारी, रीतु झा, डॉ गरिमा तिवारी, डॉ चांदनी गुप्ता, सुलंगना प्रसाद, रोटरी अध्यक्ष क्वीन सीमा ठाकुर, किरण सिंह, नीतू स्वर्णकार आदि शामिल रहे।

## वसुंधरा ने किया महिलाओं का सम्मान



लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने शहर के एक होटल में महिला सम्मान समारोह रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने की। अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल, गिफ्ट व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसमें डीएसपी रश्मित कौर, एडिशनल एसपी मधुलिका सिंह, आरक्षक नूपुर उपाध्याय, तरूलता मिश्रा, डॉ रश्मि बुधिया, डॉ अपर्णा मिश्रा, कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री शिल्पी तिवारी, पार्षद रेखा पांडेय, राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित व्याख्याता शांति सोनी, शिक्षिका संगीता शर्मा, ब्राह्मण एकता संगठन की मीनू दुबे, अर्चना शुक्ला शामिल रही। इस मौके पर सचिव अर्चना तिवारी, मंगला देवरस, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार, मंजू मिश्रा, गायत्री कश्यप, शोभा चाहिल, रत्ना खरे, मंजुला शिंदे, रेखा गुल्ला, हंसा सेलारका, अंबुज पांडेय, सावित्री जायसवाल, साधना दुबे, कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा, सीता तिवारी, एमजेएफ शारदा कश्यप का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सचिव अर्चना तिवारी व प्रथम वाइस प्रेसीडेंट मंगला देवरस एवं आभार प्रदर्शन सुधा परिहार ने किया।

## महिलाओं की उन्नति के बिना प्रगतिशील समाज की कल्पना अधूरी

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज ने गीता पैलेस सरकंडा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' पर एक भव्य आयोजन किया। इसमें समाज की महिलाओं की सशक्त भागीदारी रही। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रगतिशील समाज की कल्पना महिलाओं की उन्नति के बिना अधूरी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्ण की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद समाज की उन महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने शिक्षा, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज का गौरव बढ़ाया है। इसमें पार्षद सीमा राजेश शुक्ला, संगीता राजकुमार तिवारी, समाज सेविका माधुरी तिवारी, वरिष्ठ शिक्षिका रंजना दुबे





शामिल रहीं। सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए आने वाली पीढ़ी को प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समाज के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। फाग गीत और पारंपरिक भजन गाए गए। फूलों की होली खेली गई। समाज के अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्वेता शुक्ला, अल्का, डॉ ऋचा, श्याममणि, अपर्णा, मोनिका, मीनाक्षी, ज्योति, विजयलक्ष्मी, किरण बाला, गायत्री, नीलिमा, श्वेता पाण्डेय, निमेश, अभिजीत, राजीव लोचन, पियूष, प्रांजल, अखिलेश का योगदान रहा। उक्त जानकारी संगठन महासचिव डॉ ऋचा पाण्डेय ने दी।

## आई किड्स जूनियर में महिला दिवस मनाया गया



आई किड्स जूनियर में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के माताओं को भी आमंत्रित किया गया था। विद्यालय में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें माताओं ने खुलकर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने - अपने विचार व्यक्त किए। महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भता के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था की मुख्य मेंटर डा. श्रुति गुप्ता ने महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने माताओं से कहा कि वे सभी अपने परिवार के साथ साथ समाज और राष्ट्र के विकास के प्रति भी कर्तव्य है, जिनका निर्वाहन करते हुए उन्हें अपना योगदान देना चाहिए। अंत में सभी महिलाओं ने पानीपूरी एवं चाट का भी आनंद लिया।

### टूर्नामेंट में फार्मा कंपनी की 12 टीमों ने लिया भाग

# मयंक शुक्ला मेमोरियल कप का शानदार आगाज़



### सीवी इलेवन ने खिताब जीता

फाइनल मुकाबला सीवी इलेवन और फार्मा अचीवर्स के बीच हुआ, जिसमें सीवी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम वर्ष में ही खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में चंद्रशेखर, अजय भदौरिया, आदर्श दुबे, अमित पटेल, अजय परिहार, संदीप राव, पवन उपाध्याय, आदित्य एवं मनीष की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बिलासपुर। स्वर्गीय मयंक शुक्ला की पावन स्मृति में "मयंक शुक्ला मेमोरियल कप" क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। स्वर्गीय मयंक शुक्ला बिलासपुर में दवा प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थे और अपने सौम्य व्यवहार व सामाजिक सक्रियता के लिए जाने जाते थे। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के दवा प्रतिनिधियों की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के चयन हेतु 25 जनवरी को होटल में ऑक्शन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक टीम ने अपने 14 खिलाड़ियों का चयन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 1 फरवरी से हुआ, उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मयंक शुक्ला की फैमिली के सदस्य, कनिष्क फार्मा फर्म के मालिक निक्की भैया एवं मदन मेडिकोज फर्म से चिटटू भैया विशेष रूप से उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले प्रत्येक रविवार को खेल परिसर सरकंडा मैदान में खेले गए। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने स्वर्गीय मयंक शुक्ला के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं, बल्कि आपसी भाईचारा और एकजुटता भी मजबूत करते हैं। 8 मार्च को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टीम मिसफिट्स और फार्मा अचीवर्स आमने-सामने रहीं, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला डर्मा डोमिनेटर्स और सीवी 11 के बीच खेला गया। आयोजकों ने घोषणा की कि मयंक शुक्ला की स्मृति में यह टूर्नामेंट आगामी वर्षों में भी निरंतर आयोजित किया जाएगा, ताकि उनकी याद को जीवंत रखा जा सके और खेल भावना को बढ़ावा मिलता रहे।

# युवा नए विचारों के साथ आगे आकर करें काम

बिलासपुर। इनक्यूबेशन सेंटर सरकंडा में कलेक्टर संजय अग्रवाल के साथ चाय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन कैसे दिया जाए, पर सकारात्मक चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि युवा नए विचारों के साथ आगे आकर काम करें। इस दौरान निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे भी उपस्थित थे।

अतिथियों के स्वागत बाद बिज़नेसगढ़ के सीईओ ने कार्यक्रम की रुपरेखा एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में अपना पक्ष रखा। बी इंक्यूबशन सेंटर प्रभारी डॉ धनंजय पाण्डेय ने इंक्यूबशन सेंटर की वार्षिक प्रगति पत्रक प्रस्तुत किया एवं यहां के युवाओं को थ्री डी प्रिंटर द्वारा स्किल डेवलपमेंट कर स्टार्टअप डेवलप करने हेतु मल्टी कलर डबल नोजल 3 डी प्रिंटर की अवश्यकता बताई। जिसे कलेक्टर ने तत्काल अपनी सहमति प्रदान की। स्मार्ट सिटी के जीएम आईटी ग्रूप कैप्टन श्रीनिवास ने इनोवेशन के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। अटल टिकरिंग लैब का भी उल्लेख किया। यह कार्यक्रम बी इन्क्यूब, हमर बिलासपुर और बिजनेस गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप, युवाओं और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करना तथा नवाचार को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से बिलासपुर में स्टार्टअप इको सिस्टम को मजबूत करने और युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अंत में 3डी प्रिंटर द्वारा निर्मित वस्तुओं को कलेक्टर एवं आयुक्त को भेंट किया गया।

इस अवसर पर बी इंक्यूब के प्रभारी डॉ धनंजय पांडेय, वाई. श्रीनिवास जीएम आईटी, बिलासपुर स्मार्ट सिटी, अब्दुल डीजीएम फाइनेंस बिलासपुर स्मार्ट सिटी, डॉ डोमेंद्र सिंह गंजिर सीईओ बिजनेसगढ़, प्राचार्य डॉ राघवेंद्र गौरहा उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं और स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### इनक्यूबेशन सेंटर में नवाचार व स्टार्टअप पर चर्चा





#### नवाचार बेहद आवश्यक

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में नवाचार बेहद आवश्यक है और युवाओं को नए विचारों के साथ आगे आकर समाज की समस्याओं के समाधान पर काम करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को स्टार्टअप और उद्यमिता के माध्यम से नए अवसर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्टार्टअप में रिस्क तो लेना ही चाहिए पर अपनी स्थिति को नजरअंदाज भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने लीडरशिप, मार्किट रिसर्च, प्रोडक्ट एनालिसिस, क्वालिटी प्रोडक्ट, रिस्क फैक्टर्स पर विस्तृत एवं सारगर्भित उद्बोधन दिया। साथ ही युवा उद्यमियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का कलेक्टर ने सकारात्मक जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की।

## खबर संक्षेप

### गरिमा ने ग्रहण किया सीपत तहसीलदार का पदभार



**सीपत।** बिलासपुर जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तहसीलदार गरिमा ठाकुर ने मंगलवार को सीपत तहसील पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर के आदेश के पश्चात उन्होंने सीपत तहसील कार्यालय में कार्यभार संभालते ही क्षेत्र के प्रशासनिक कार्यों को सुचारू और जनहितकारी ढंग से संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर तहसीलदार गरिमा ठाकुर ने कहा कि, सीपत क्षेत्र की जनता को समय पर और निष्पक्ष प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

### बिनैका में मेधावी छात्रों का सम्मान व विदाई समारोह



**मल्हार।** ग्राम बिनैका स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित जनरल नॉलेज प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह एवं कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे व डगरिया सरपंच हरप्रसाद भारती उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों ने पढ़ाई के महत्व पर प्रकाश डाला और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, पेन एवं कॉपी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही आठवीं के विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। विद्यालय के प्रधान पाठक तथा विद्यालय परिवार ने परीक्षा के सफल आयोजन का श्रेय थानेश्वर प्रसाद बंजारे को दिया। कार्यक्रम का संचालन रूपेश कुमार लहरे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

### धर्मांतरण करना सबसे बड़ा पापः पं दुर्गेश



**तखतपुर।** नगर के श्रीराम सदन में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ भागवताचार्य पंडित दुर्गेश महाराज कथा का वाचन कर रहे हैं। कथावाचन के दौरान पंडित दुर्गेश सनातन धर्मावलंबियों को जागरूक करते हुए कहा, मर जाना लेकिन दूसरे धर्म में नहीं जाना। उन्होंने कहा कि, भगवान ने हमें पवित्र सनातन धर्म में जन्म दिया, लेकिन इसे छोड़कर दूसरे धर्म में जाना सबसे बड़ा पाप है। हमें दूसरे धर्म वालों से सीखना चाहिए कि, वह अपने धर्म के प्रति कितने कट्टर हैं। श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन, व्यासपीठ से आचार्य ने शुकदेव जी के आगमन, परीक्षित मोक्ष, और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। राजा परीक्षित के श्राप प्रसंग के बाद, ईश्वर में अटूट विश्वास और साधु संगति के प्रभाव की चर्चा की। ध्रुव चरित्र और सांख्य योग के माध्यम से जीवन में दृढ़ निश्चय और ईश्वर के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। कथा के दौरान मधुर भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आए और माहौल 'जय श्री कृष्ण' के जयकारों से गूंज उठा। कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित होकर भगवान श्री कृष्ण की कथा का रसपान किया।

### अमृत मित्र महोत्सव के लिए 13 महिलाएं दिल्ली रवाना



**मुंगेली।** जिले के नगरीय निकायों में अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत अमृत मित्र के रूप में कार्यरत स्व सहायता समूह की 13 महिलाओं को 13 मार्च को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में शामिल होने के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा महिलाओं को हरी झंडी दिखाकर नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अमृत मिशन 2.0 के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाएं नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता, जल प्रबंधन तथा जनजागरूकता से जुड़े कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अमृत मित्र के रूप में इन महिलाओं द्वारा समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित अमृत मित्र महोत्सव में भाग लेने से महिलाओं को देश के विभिन्न राज्यों से आए अमृत मित्रों से संवाद करने, अपने अनुभव साझा करने तथा नई जानकारियां प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान अधिकारियों ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, वे महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लें और वहां से प्राप्त अनुभवों को जिले में भी साझा करें, जिससे अन्य समूहों को भी प्रेरणा मिल सके। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बस में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों ने निकाला

**स्टियरिंग फेल होने से अनियंत्रित हुई बस**

# अनियंत्रित होकर पलटी बस मची चीख-पुकार, 7 यात्री घायल

**तखतपुर/जरहागांव।** सवारी गाड़ी की स्टेरिंग फैल होने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 7 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। रविराज ट्रेवल्स की बस गाड़ी 11 मार्च की सुबह 7:30 बजे तखतपुर से बिलासपुर हाईकोर्ट की तरफ जाने के लिए मौहाभाठा होकर निकल रही थी।

इसी दौरान मौहाभाठा के चर्च के पास स्टियरिंग फेल होने कारण बस अनियंत्रित हो गई, और नदी किनारे बस पलट गई। जानकारी के अनुसार बस में उस समय 7 यात्री सवार थे, उन्हें हादसे में हल्की चोट आई है। दुर्घटना के बाद आस-पास के लोगों ने तत्परता से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया एवं घायलों को आवश्यक इलाज उपलब्ध कराया गया।





सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे- भथरी-अमोरा जर्जर मार्ग इन दिनों लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उड़ती धूल के कारण बस का संतुलन बिगड़ गया, और वह पलट गई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बस में फंसे घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों की तत्परता से कई यात्रियों को समय पर इलाज मिल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि भथरी-अमोरा सड़क की हालत वर्षों से बेहद खराब है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं तेज रफ्तार वाहनों से उड़ती धूल से राहगीर और ग्रामीण भी परेशान रहते हैं।

**ग्रामीणों ने की तत्काल मरम्मत की मांग**

ग्रामीणों ने बताया कि, कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सड़क सुधार की मांग की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। अब तक सड़क सुधार को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि, भथरी-अमोरा सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।



## राज्य सलाहकार ने किया विभिन्न पंचायतों का दौरा

**मुंगेली।** राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने बुधवार को मुंगेली जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत रेहुंटा, बुंदेली, पंडरभट्ठा, टेमरी एवं चमारी में स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- ठोस, तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छग्राही समूह के सदस्यों को सूखा, गीला एवं प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी तथा घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही गांवों में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई बनाए रखने के विषय पर विस्तार से चर्चा की। राज्य सलाहकार ने स्वच्छग्राही समूह के सदस्यों से स्वच्छता गतिविधियों की जानकारी ली और ग्रामीणों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग रखने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने ग्राम के सरपंच एवं सचिवों से भी चर्चा करते हुए कहा कि, कचरा इधर-उधर फेंकने वाले लोगों को नम्रता से समझाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए तथा ग्रामीण महिलाओं और अन्य नागरिकों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके अलावा गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों के नियमित उपयोग के लिए भी ग्रामीणों को समझाइश दी गई, ताकि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगेली, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक, नोडल अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव, स्वच्छग्राही व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिना नक्शा 177 संस्थान, सुशांत के सवाल पर सरकार ने दी जानकारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रश्नकाल में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में बिना नक्शा स्वीकृति के संचालित संस्थानों का गंभीर मुद्दा उठाया गया। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव (नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग) ने सदन में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।



सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम बिलासपुर क्षेत्र में वर्ष 2022 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 177 संस्थान बिना नक्शा पास कराए संचालित पाए गए। इनमें 33 व्यवसायिक संस्थान, 9 नर्सिंग होम, 12 हॉस्टल, 1 होटल तथा 22 निजी शिक्षण संस्थान शामिल हैं।सरकार ने बताया कि इन मामलों में अनियमितताओं को लेकर 43 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों की जांच के लिए जोन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है, जिसमें भवन उप अभियंता और सहायक राजस्व निरीक्षक को सदस्य बनाया गया है। समिति द्वारा जांच की जा रही है और प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त सरकार ने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2022 से 31 जनवरी 2026 तक बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में 5531 आवासीय एवं 883 व्यावसायिक भवनों सहित कुल 6414 भवन निर्माण की अनुमतियां जारी की गई हैं। वहीं डायवर्सन (भू-उपयोग परिवर्तन) के संबंध में बताया गया कि वर्ष 2022 से 31 जनवरी 2026 तक 7104 मामलों में आदेश जारी किए गए। अधिकांश मामलों में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि एक प्रकरण में समाचार पत्र में प्रकाशित जानकारी के आधार पर विजय कुमार साहू द्वारा खसरा नंबर 559/22 की 3492.5 वर्गफुट भूमि के डायवर्सन संबंधी मामला सामने आया, जिसमें जांच के बाद जारी भवन अनुज्ञा निरस्त कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नगर पालिक निगम बिलासपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## कलेक्टर ने ली गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक लेकर रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की।

- गैस सिलेंडर की सप्लाई और रिफिलिंग की समीक्षा

उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों से गैस सिलेंडर की सप्लाई और रिफिलिंग की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि, उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि न ली जाए एवं गैस सिलेंडर का विक्रय तय मूल्य पर ही किया जाए। साथ ही उन्होंने ओवरप्राइसिंग करते हुए पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने गैस एजेंसियों में फायर सेफ्टी मानकों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों में लगे सीसीटीवी कैमरों के सुचारू रूप से कार्य करने की नियमित जांच करने को कहा।



गैस एवं पेट्रेल पंप संचालकों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्रें में गैस सिलेंडर की आपूर्ति और रिफिलिंग की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही बुकिंग के कारण किसी प्रकार की घबराहट या कानून–व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो, इसका भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेट्रोल पंप संचालकों से पेट्रोल और डीजल के स्टॉक एवं सप्लाई की जानकारी ली तथा पर्याप्त मात्र में स्टॉक बनाए रखने और आवश्यकता अनुसार स्टॉक बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों में किसी भी स्थिति में स्टॉक की कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहा है। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएलयादव, अति पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज और जिले के सभी गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे।

## जिले को प्रथम केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति

**मुंगेली।** जिले में प्रथम केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान की गई है। देश में 85 केंद्रीय विद्यालयों में से एक मुंगेली जिले का केंद्रीय विद्यालय है।




वर्ष 2026-27 में मुंगेली जिले के रोहराखुर्द में जिले के पहले केंद्रीय विद्यालय को स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2024 में देश में 85 केंद्रीय विद्यालयों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। प्रायोजक प्राधिकरण में भूमि का हस्तांतरण केंद्रीय विद्यालय के पक्ष में कर दिया गया है एवं विद्यालय संचालन हेतु उपयुक्त अस्थाई उपयुक्त भवन होने के उपरांत शासकीय हाई स्कूल रोहराखुर्द पोस्ट गीधा ब्लॉक मुंगेली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रारंभ करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण दुबे



**बिलासपुर।** विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त लोरमी के प्रतिष्ठित निवासी लक्ष्मी नारायण ढुबे का मंगलवार को निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम बिलासपुर में किया गया। वे अनुराग ढुबे एवं अधिवक्ता अनुपम ढुबे के पिता थे।

### लक्ष्मण दास कारड़ा



**बिलासपुर।** चटर्जी गली, सरकंडा निवासी लक्ष्मण दास कारड़ा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. भागचंद कारड़ा के सुपुत्र, हरगुन, संतोष, सुनील के भाई एवं अशोक, चेतन, राहुल के पिता थे।

### रामखिलावन यादव



**बिलासपुर।** महामाया पार्क कालोनी मंगला निवासी राम खिलावन याढव का निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 11 मार्च को किया गया। वे अशोक याढव और संतोष याढव के पिता थे।



## विद्यार्थियों को दी गई कानूनी की जानकारी

**मुंगेली।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के निर्देशानुसार निजी महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में असिस्टेंट एलएडीसी द्रौपती कश्यप ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने महिलाओं के संरक्षण और सशक्तिकरण से जुड़े कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध कानून तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। सचिव कंचन लता आचला ने बताया कि, महिला हेल्पलाइन नंबर, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, संविधान में प्रदत्त मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, पॉक्सो एक्ट, यातायात अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध कानून सहित अन्य महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। शिविर के दौरान 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई, और बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का त्वरित एवं सरल निराकरण संभव है। कार्यक्रम में पैरा लीगल वालंटियर संजीव घृतलहरे तथा कॉलेज के शिक्षकों की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने इस शिविर के माध्यम से कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

## किसानों ने की ग्राम देवता की पूजा-अर्चना

**भर्रीडांड़।** जीपीएम जिले में मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीडांड़ में बुधवार को परंपरा के अनुसार अच्छी फसल की कामना के लिए ग्राम देवता ठाकुर देव के प्रांगण में किसानों ने विधि-विधान ग्राम देवता की पूजा की।

परंपरा के अनुसार पूरे गांव के किसान अपने घर से धान बीज खेत जोताई में उपयोग होने वाला हल लेकर पहुंचते हैं, और यहां परंपरानुसार विधि-विधान से अपने किसानी औजारों की पूजा-अर्चना करने के बाद हल से जोताई करते है। इसके बाद किसान धान के बीज की बोवाई करते हैं, और आने वाले समय में ग्राम देवता से अच्छी वर्षा अधिक उपज की कामना करते हैं। ग्रामीण मुकेश दास, प्रताप रजक, रामप्यारे केवट, अनिल सिरवास, गोकुल केवट, दिलीप कुमार,



शत्रुघन प्रसाद राय, ने जानकारी दी कि, यह परम्परा बाबा आदम जमाने से चलती आ रही है, जिसे हम लोग आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। और हमारे बाद भी यह निरन्तर चलते रहेगी। यह क्रिया चैत मास में पहले पक्ष में नवरात्रि के पहले की जाती है, इस प्रक्रिया में गांव का सुद्ध होना जरूरी होता है। एक दिन पहले ग्राम कोटवार से मुनादी की जाती है। बिदरी का कार्य खत्म होने के बाद जिस काले घड़े का पानी बीज बोवाई के बाद छिड़काव किया जाता है, उसी का बचा हुआ पानी गांव के हर घर में छिड़का जाता है।

**19 मार्च को दोपहर 12 बजे मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की जाएगी**

# सोनकुंड मां काली मंदिर में नवरात्र को लेकर तैयारियां तेज

**पेंड्रा।** जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही स्थित मानस तीर्थ सोनकुंड के पावन धाम में विराजमान श्रीश्री 1008 आदिशक्ति मां काली मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव 2026 का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया जा रहा है। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

नवरात्र के पावन अवसर पर यहां दूर-दराज से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। महोत्सव के शुभारंभ पर 19 मार्च को दोपहर 12 बजे मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन मां काली की विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, चंडी पाठ, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही अष्टमी एवं नवमी तिथि पर कन्या पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का अद्वितीय संगम बनेगा।



### सोनकुंड का धार्मिक महत्व

मान्यता के अनुसार सोनकुंड सोन नदी का उद्गम स्थल माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार अमरकंटक की सोनमुड़ा पहाड़ी से मां नर्मदा के नाराज होने पर व्यथित होकर सोनभद्र जी वहां से कूद पड़े, और कुछ दूरी तक बहते हुए विलुप्त हो गए। कहा जाता है कि, वे पेंड्रा के मानस तीर्थ सोनकुंड से पुनः प्रकट होकर आगे प्रवाहित होते हैं। सोन नदी का प्रवाह तंत्र गौरेला-पेंड्रा क्षेत्र से निकलकर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और झारखंड से होते हुए बिहार तक जाता है तथा पटना जिले के मनेर क्षेत्र में गंगा नदी से संगम करता है। सोनकुंड परिसर में स्थित सोनेश्वर नाथ महादेव मंदिर सहित राधा-कृष्ण, राम दरबार, नर्मदा सोनभद्र, लक्ष्मी नारायण, शनि देव और हनुमान के प्राचीन मंदिर इस स्थल की धार्मिक और आध्यात्मिक महत्ता को और भी बढ़ाते हैं।

### कलश स्थापना के लिए सूचना

मां काली मंदिर में प्रत्येक वर्ष चैत्र और शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की परंपरा निभाई जाती है। इच्छुक श्रद्धालु मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अथवा स्वयं मंदिर पहुंचकर 19 मार्च दोपहर 12 बजे तक ज्योति कलश स्थापित करा सकते हैं। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से नवरात्र महोत्सव में सम्मिलित होकर मां काली की आराधना करने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य पूरी तरह सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान हितैषी तरीके से संपन्न हुई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिले के 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 30 हजार 194 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदी केन्द्रों से अब तक 4 लाख 49 हजार 246 क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। 80 हजार 947.79 क्विंटल धान उठाव हेतु केन्द्रों में शेष है। उन्होंने बताया कि खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार जारी है। शीघ्र ही शतप्रतिशत धान का उठाव पूरा कर लिया जाएगा।

VACANCY
Bajaj Chetak Requires for the following post:-
Accountant
Knowledge of GST, TDS & Reconciliation and Preparation of Books for Audit.
Show Room Manager
Sales Executive
Experience candidate will be preferred.
Date of Interview
14th March 2026 (Saturday)
Timing - 11.30 AM to 3 PM
TRIPUR BAJAJ
Near Tifra Overbridge, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)
M.: 9752133444
M.- 9754033444
tripurauto@rediffmail.com

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री स्कूल में सीपेज मिली खामियां

**बिलासपुर।** संभागायुक्त सुनील जैन ने पीएमश्री स्कूल चकरभाठा का औचक निरीक्षण किया। 16 कमरों वाले इस स्कूल की दीवारों पर सीपेज मिली, जिस पर उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन की मरम्मत और सीपेज दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान, संभागायुक्त ने प्राचार्य से कक्षाओं और शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने और स्कूल में सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल भवन के पीछे परिसर में एक गार्डन और ओपन जिम बनाने का सुझाव भी दिया। कमिश्नर ने शिक्षकों के रिक्त पदों की भी जानकारी ली और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने लैब और लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए लाइब्रेरी को सुव्यवस्थित, हाईटेक बनाने और सभी व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्कूल परिसर में एक मिनी स्टेडियम बनाने के भी निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान डिप्टी कमिश्नर स्मृति तिवारी, समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक ओम पांडे और स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब के लिए पैसे की मांग, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसे की मांगकर युवक से मारपीट करने वाले दो बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, भेंड़ीमुड़ा निवासी शुभम राव मराठा 10 मार्च को रानीगांव की ओर जा रहा था। करैहापारा के पास दो युवकों ने उसका रास्ता रोका और पैसे की मांग की। मना करने पर दोनों युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर हमलावर करैहापारा निवासी विकास उर्फ विक्कू रावत पिता राजेन्द्र रावत 24 साल, राजा कश्यप उर्फ शनि पिता रामझूल कश्यप 22 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### हिट एंड रन के 4 मामलों में 2-2 लाख की सहायता

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें टक्कर मारकर भागने (हिट एंड रन) से हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में 4 मामलों में पीड़ित परिवारों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रकरणों के अनुसार सीपत तहसील के ग्राम सोठी की सतरूपा बाई, बोदरी तहसील के ग्राम सरगांव निवासी संतोष कुमार वर्मा, कोटा तहसील के ग्राम देवरी कला निवासी कुसुम बाई मेहरा तथा बिल्हा तहसील के ग्राम मोहदा की राजेश्वरी पटेल के निकट संबंधियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के मामले समिति के समक्ष रखे गए। सभी मामलों की जांच एवं परीक्षण के बाद समिति ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की अनुशंसा की। बैठक में जिला स्तरीय समिति के सदस्य एसएसपी रजनेश सिंह, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सीएमएचओ, जीव धरणी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सरकारी लापरवाही

तीन महीने पहले की गई थी ऑनलाइन डायवर्सन की घोषणा

# डायवर्सन ठप, आदेश तो दूर, एक भी आवेदन ही सबमिट नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- सॉफ्टवेयर में लगातार चल रही परेशानी

डायवर्सन अब आन लाइन होंगे। इसकी घोषणा दिसंबर महीने में की गई थी, लेकिन आज तीन महीने बाद भी डायवर्सन के ऑनलाईन आदेश जारी होना तो दूर की बात है, इसके लिए एक भी आवेदन ही सबमिट नहीं हो सके हैं। विभाग के अनुसार ऑनलाईन डायवर्सन के लिए तैयार किए गए साफ्टवेयर में कुछ दिक्कतें हैं, जिसके चलते यह परेशानी आ रही है। इस संबंध में प्रदेश स्तर पर लगातार सुधार कार्य जारी है। प्रदेश में डायवर्सन ऑनलाईन पद्धति से किए जाने की घोषणा के बाद पक्षकारों में यह सोचकर काफी संतोष देखा गया था कि डायवर्सन के लिए अब उन्हें राजस्व विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, लेकिन हुआ इसका ठीक उल्टा। ऑफलाईन व्यवस्था के अंतर्गत चक्कर काटने के बाद ही सही, लेकिन कम से कम लोगों की जमीन के डायवर्सन हो तो रहे थे। इसके विपरीत ऑनलाईन डायवर्सन की घोषणा होने के आज तीन महीने बाद किसी भी पक्षकार का ऑनलाईन तरीके से डायवर्सन का आदेश जारी होना तो दूर की बात है आवेदन तक सबमिट नहीं हो सके हैं। ऐसे जमीन मालिक, जिन्होंने अभी हाल में ही जमीन खरीदी है या जिन्हें अपने मकान या दुकान बनाने हैं, वे इस तकनीकी दिक्कत के कारण खासे हलाकान हैं। जमीन के डायवर्सन के बगैर न तो उनके मकान-दुकान का नक्शा ही पास हो रहा है, और न ही बैंक से लोन फायनेंस की सुविधा मिल पा रही है। जमीन खरीदने के बाद सबसे पहला काम डायवर्सन का होता है, उसके बाद मकान बनाते तक प्रत्येक प्रक्रिया में काफी समय लगता है, जबकि अभी जमीन मालिकों का पहले चरण का काम ही अटका पड़ा है। हालांकि राजस्व विभाग ने राज्य स्तर पर लगातार प्रयास जारी रहने व इस तकनीकी खराबी का जल्द ही समाधान निकाल लेने की बात कही गई है।

### गाइडलाईन जारी होने में भी लग गए थे ढाई महीने

शासन द्वारा ऑनलाईन डायवर्सन की घोषणा तो दिसंबर महीने में की गई थी, लेकिन इसकी विस्तृत गाइडलाईन जारी ही नहीं की जा सकी थी। ऐसे में किसी भी पक्षकार से डायवर्सन का आवेदन ही नहीं लिया जा रहा था। होली के पहले ही शासन द्वारा गाइडलाईन जारी की गई है, लेकिन अब साफ्टवेयर में दिक्कत के चलते पक्षकारों के आवेदन सबमिट नहीं हो पा रहे हैं।

### कुछ इस तरह से आ रही दिक्कतें

ऑनलाईन डायवर्सन के लिए आवेदन भरने के दौरान इसमें स्टेप बाय स्टेप मांगी गई जानकारी को भरते हुए आगे बढ़ना है। इस दौरान आवासीय या व्यावसायिक वाले विकल्प में साफ्टवेयर कभी आवासीय वाले विकल्प को ले रहा है, तो कभी व्यावसायिक वाले विकल्प को। इसी तरह शहरी या ग्रामीण वाले विकल्प में भी कभी साफ्टवेयर जानकारी को स्वीकार कर रहा है, लेकिन कभी-कभी कई प्रयासों के बाद भी जानकारी सबमिट नहीं हो पा रही है। कुल मिलाकर किसी पक्षकार की एक जानकारी सबमिट हो रही है, तो किसी पक्षकार की दूसरी जानकारी, लेकिन शत प्रतिशत जानकारी अब तक एक भी पक्षकार की सबमिट नहीं हो सकी है।

### समाधान निकाला जाएगा

सॉफ्टवेयर में कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण अब तक एक भी आवेदन सबमिट नहीं हो सके हैं। सॉफ्टवेयर में लगातार कांप्लिकेशन बना हुआ है, राज्य स्तर पर सलाह लेकर सुधार का प्रयास किया जा रहा है। जल्द समाधान निकल जाएगा।

**-मनीष कुमार साहू**, एसडीएम बिलासपुर

नए वार्डों के साथ ही शहर में पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई से परेशानी

# गहराया जल संकट, बिजली का लोड बढ़ा






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गर्मी आते ही गहराने लगा जलसंकट, मंगला, कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब

न्यायधानी बिलासपुर में गर्मी ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है लेकिन शहर की प्यास बुझाने वाले इंतजाम दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र के पुराने मोहल्लों से लेकर निगम में शामिल हुए नए वार्डों तक, इन दिनों पानी की भारी किल्लत और दूषित सप्लाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। मंगला, कुदूदण्ड, लिंगियाडीह में मोटर पंप खराब हो रहे हैं।

शिकायतों के मुताबिक नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में जल आपूर्ति की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। शहर के कई इलाकों में सुबह के वक्त महज कुछ मिनटों के लिए ही पानी की सप्लाई हो रही है, और वह भी इतनी प्रदूषित है कि उसे पीने तो दूर, नहाने के काम में लाना भी मुश्किल हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति उन नए वार्डों की है जहाँ हाल ही में पाइपलाइन बिछाई गई है। यहाँ ड्रेनेज सिस्टम और पाइपलाइन के बीच उचित तालमेल न होने के कारण नालियों का गंदा पानी नलों तक पहुँच रहा है। कई जगहों पर पाइपलाइनें जमीन के ऊपर खुले में बिछी हुई हैं, जो केवल तकनीकी रूप से गलत है।

### निगम का रवैया उदासीन

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों का रवैया उदासीन बना हुआ है, जिससे जनता में भारी नाराजगी है। दूसरी ओर, इस गंभीर समस्या ने नगर निगम के गलियारों में राजनीतिक रार भी तेज कर दी है नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि अमृत मिशन जैसी योजनाओं के बावजूद जनता को साफ पानी नहीं मिलना प्रशासन की विफलता है। हालांकि, सत्तापक्ष और सभापति विनोद सोनी का दावा है कि जहाँ भी दूषित पानी की शिकायत मिल रही है, वहां युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी है।

### टीम बनाई गई है

प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल अधिक परेशानी नहीं है। जल विभाग की अलग से टीम बनाई गई है।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**, निगम आयुक्त

- शहर में रोजाना बिजली की आंखमिचौली जारी।
- रिहायशी इलाकों में सबसे ज्यादा परेशानी।

गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली का लोड अचानक बढ़ चुका है। हाल के 5 दिनों में 18 फीसदी लोड बढ़त देखी जा रही है। इसका असर ट्रांसफार्मर पर भी पड़ने लगा है, यही कारण है कि रोजाना डियो गिरने और केबल चलने की शिकायत विभाग को मिल रही है।

फरवरी के बाद मार्च की शुरूआत में ही बिजली खपत में जबरदस्त इजाफा हो चुका है। 10 दिनों में 18 फीसदी लोड बढ़ चुका है। हालत यह है कि पिछले 10 दिनों से लगातार सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन में बिजली बंद की घटनाएं हो रही है। इसमें सबसे ज्यादा डियो खराब होने और केबल जलने की शिकायत देखी जा रही है। जहां एक ओर दिन में गर्मी अपने तेवर दिखा रहा है, वहीं उपभोक्ताओं के द्वारा कूलर और एसी का उपयोग भी बढ़ चुका है, हालांकि बिजली अधिकारियों का कहना है कि बंद होना समान्य प्रक्रिया है ऐसे में लोड बढ़ने का असर कहना सही नहीं है, लेकिन सच तो यह है कि 132 केवी सबस्टेशन से ट्रांसमिट होने वाले करंट में रोजाना बढ़त देखी जा रही है, वहीं 33 केवी व 11 केवी सबस्टेशनों में खपत बढ़ चुकी है।

### जक्शन बाक्स में लगी आग

नेहरू चौक के समीप एसपी कार्यालय ट्रांसफार्मर में बुधवार की दोपहर आग लग गई। ट्रांसफार्मर के नीचे लगे जक्शन बाक्स में केबल जलने के कारण आग लगी थी, इसकी जानकारी नेहरू नगर स्थित बिजली कार्यालय को दी गई। मरम्मत टीम तत्काल मौके पर पहुंची और केबल बदलकर बिजली सप्लाई नार्मल कर लिया गया। बताया जा रहा है कि पिछले 6 माह में अबतक 3 बार आग लग चुकी है।

### मैजेज किया जा सकता है

लोड बढ़ने जैसी बात अभी नहीं है। हमने लोड को देखते हुए 63 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए है, जिससे लोड को मैनेज किया जा सकता है।

**-श्रीनिवास राजू**, अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग

## बाराती स्कार्पियों ट्रेलर से टकराई दूल्हा - दुल्हन घायल, सिम्स में भर्ती



हादसे में दुल्हा दुल्हन घायल हुए।



**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बाराती स्कार्पियों सामने जा रही ट्रेलर में जाकर घूस गई। हादसे में स्कार्पियों में सवार दुल्हा, दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

10 मार्च को रतनपुर बेलतरा नेवसा निवासी सत्येंद्र साहू पिता रथराम साहू 23 साल की बारात दुर्ग गइई थी। कार्यक्रम होने के बाद 11 मार्च की सुबह स्कार्पियों में सत्येंद्र साहू, दुल्हन मनीषा साहू के साथ अपने घर नेवसा लौट रहे थे और स्कार्पियों पप्पू धीवर चला रहा था। सुबह 10 बजे चालक पप्पू धीवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सकरी क्षेत्र के लोखंडी में सामने जा रहे ट्रेलर में घूसा दिया। हादसे में दुल्हा दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर डायल 112 से दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## 9 स्थाई, 2 गिरफ्तारी वारंटी पकड़ाए



**बिलासपुर।** पुलिस ने लंबित प्रकरणों की निराकरण करने अभियान चलाकर 9 स्थाई, 2 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है। नवपदस्थ रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन ने टीम बनाकर लंबित प्रकरणों के निराकरण करने फरार वारंटियों को पकड़ने का अभियान चलाया गया है। एक दिन में पुलिस टीम ने 9 स्थाई व 2 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ लिया है। सभी वारंटियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

## 2 लाख की लूट की खबर से हड़कंप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच




**बिलासपुर।** दिनदहाड़े मिनोचा कालोनी में एक व्यक्ति से 2 लाख की लूट की खबर से थानेदारों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में थानेदार अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों को रोककर सघन जांच की गई।

पुलिस के उच्च अधिकारियों के द्वारा बुधवार की शाम 4 बजे मिनोचा कालोनी में एक व्यक्ति से 2 लाख रुपए लूट होने की सूचना देकर थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी करने का आदेश दिया गया। आनन फानन में थानेदार अपने अपने क्षेत्र में बल के साथ नाकाबंदी कर वाहनों के सघन जांच जुट गई। अचानक चौक चौराहे व आउटर में भारी बल के साथ पुलिसकर्मियों को किलांबदी करते हुए वाहनों की जांच करते देख लोगों में हड़कंप मच गया। थानेदारों के द्वारा सभी वाहन सवारों को रोककर वाहनों की सघन जांच की गई। देर रात पुलिस अधिकारियों के द्वारा मार्कड्रील की जानकारी दी गई। उसके बाद थानेदार व पुलिसकर्मियों ने राहत की सास ली।

## गांजा तस्करी करते पकड़ीं गईं दो महिलाएं



**बिलासपुर।** आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो महिलाओं को गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ा है। दोनों महिलाओं से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

आपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ और जीआरपी की टीम जोनल रेलवे स्टेशन में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो महिला यात्री प्लेटफार्म नम्बर 7-8 में संदिग्ध अवस्था में बैठे हैं, जिनके पास गांजा होने की संभावना है। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, टीम को देखकर दोनों महिलाएं हड़बड़ा गई। इस दौरान बिलासपुर से इंदौर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस प्लेटफार्म नम्बर सात पर खड़ी हुई, जिसमें सवार होकर दोनों भागने के फिराक में थी। जीआरपी और आरपीएफ की टीम के साथ महिला स्टाफ ने दोनों महिलाओं से पूछताछ और उनके पास रखे बैग की तलाशी ली। दोनों महिलाओं ने अलग-अलग बैग में 7 किलो 400 ग्राम से अधिक गांजा रखा हुआ था। पूछताछ में दोनों महिलाओं के धनुपाली संबलपुर ओडिशा निवासी शहनाज बेगम पति सलमान सुरैन 28 साल और सावित्री लुहा पति रामानंद बी 30 साल ने बताया कि वह बुधवार की सुबह ओडिशा से बिलासपुर लोकल ट्रेन से पहुंची थी और कटनी की ओर जाने के लिए नर्मदा एक्सप्रेस में सफर करने वाली थी। दोनों ने गांजा किसके पास पहुंचाना है, इसकी जानकारी अब तक जीआरपी को नहीं दी। आरपीएफ ने दोनों महिला आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने दोनों महिलाओं के पास से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करने के साथ अन्य आरोपियों की खोजबीन शुरु कर दी है।

## पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर युवक को मारने दौड़ाया, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में घर सामने गाली गलौज कर दो युवकों ने एक युवक को मारने के लिए दौड़ाया गया। युवक ने घर में घूसकर जान बचाई है। पूर्व में भी युवकों ने उनके साथ मारपीट किया था और कमर में चाकू दबाकर रखे थे।

पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, देवनगर निवासी नारायण साहू पिता हरप्रसाद साहू ने रिपोर्ट लिखाई। 10 मार्च को सुबह 7 बजे मोहल्ले का देवा जायसवाल निक्कू राव उनके घर के सामने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे। वे घर से बाहर निकलकर गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मारने के लिए दौड़ाया। उन्होने घर के अंदर घूसकर जान बचाई है। पूर्व में 26 फरवरी की रात 9 बजे दोनों युवक कमर में चाकू दबाकर रखे थे और उनके साथ स्टील के पाइप रखकर उनके व उनकी मां के साथ विवाद कर चाकू मार देने की धमकी दे रहे थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सहकारी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** ड्रीम एन्कलैव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित अशोक नगर का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार संचालक मंडलों के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 22 मार्च को नामांकन पत्र प्राप्त किया जाएगा। 5 अप्रैल को आमसभा कर निर्वाचन के लिए मतदान एवं मतगणना और 17 अप्रैल को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

रेगुलर नियुक्ति से हटाकर संविदा में तब्दील करने का हुआ है निर्णय

## सीयू के पांच अधिकारी-कर्मचारी इधर के रहे न उधर के, दो माह से सैलरी भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी में कार्यरत हैं अधिकारी-कर्मचारी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पांच अधिकारी-कर्मचारी अब इधर के रहें न उधर के। यूजीसी ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में कार्यरत टेक्निकल आफिसर व सेक्शन आफिसर सहित पांच कर्मचारियों की रेगुलर नियुक्ति को सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने संविदा में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इसके बाद से पिछले दो महिने से इन अधिकारियों-कर्मचारियों की सैलरी में अटकी हुई है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन के निर्णय पश्चात एमएमटीटीसी के पांच अधिकारियों-कर्मचारियों का सैलरी रोक दिया गया है। क्योंकि यूजीसी ने इनके लिए सैलरी की राशि देने से इनकार कर दिया है। यूजीसी मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी को पहले एचआरडीसी और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज के नाम से जाना जाता था। यह एक टीचर ट्रेनिंग सेंटर है, जहां पर टीचरों को ओरिएंटेशन कोर्स, रिफ्रेशर कोर्स जैसे ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। इस ट्रेनिंग सेंटर में नियुक्ति के संबंध में यूजीसी से पत्र आने के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी जनवरी माह में स्टेडिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें यह मामला रखा गया था। उसके बाद एकेडमिक कौसिंल और एक्जिकेटिव कौसिंल की बैठक में भी यह मामला आया। इसमें एमएमटीटीसी अंतर्गत विभिन्न गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्तियों की शर्तों में परिवर्तन किए जाने की संस्तुति की गई तथा इन्हें कार्यकालिक नियमिति नियुक्ति के स्थान पर संविदा नियुक्त के रूप में रूपांतरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यूजीसी ने एमएमटीटीसी में आवश्यकतानुसार संविदा आधार पर सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने की बात कही है। इस निर्णय के बाद एमएमटीटीसी में कार्यरत पांच अधिकारी-कर्मचारी रेगुलर स्टाफ रहें नहीं और संविदा की स्थिति भी स्पष्ट नहीं हो पाई है इसलिए पिछले दो माह से उनका वेतन भी अटक गया है।

### रिश्तेदारों की हुई थी नियुक्ति

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन पांच लोगों की सैलरी अटक गई है, उनमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार का नाम शामिल हैं। इनमें ज्यादतर यूनिवर्सिटी स्टाफ के ही रिस्तेदार बताए जा रहे हैं। इसलिए इन नियुक्तियों को लेकर भी उंगली उठ रही है। इसमें टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला यूनिवर्सिटी में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर गणेश शुक्ला की पत्नी तथा सेक्शन आफिसर आरची वर्मा एमबीए डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेमशंकर द्विवेदी की पत्नी एवं जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय कुलपति के बंगला के कर्मचारी की पुत्री बताई जा रही हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411